संपादकीय

# झारखंड में फिर सूखा


हालात ये हैं कि जब-जब सूखा पड़ता है, हाय-तौबा मचती है तो राहत की घोषणा होती है और लंबी-चौड़ी कार्ययोजना बनती है। फिर कुछ दिन बाद सब लोग भूल जाते हैं।

अगर आज भी लोगों की मुसीबत राजनीति और मीडिया के एजेंडे में होती, तो देश के ज्यादातर लोग इस बात से वाकिफ होते कि झारखंड के लोगों को इस समय सूखे की कैसी मार झेलनी पड़ रही है। लेकिन इस बात की चर्चा झारखंड के बाहर शायद ही हुई हो। हकीकत यह है कि अलग राज्य बनने से अब तक झारखंड करीब दस बार सूखे की मार झेल चुका है। इसके बावजूद इन 22 वर्षों में सूखे से निपटने और जल प्रबंधन की दिशा में ना तो कोई कारगर कदम उठाया गया और ना ही सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था हो सकी। अगर ऐसा हुआ होता, तो लोगों को बार-बार एक जैसी परेशानी से ही नहीं गुजरना पड़ता। हालात ये हैं कि जब-जब सूखा पड़ता है, हाय-तौबा मचती है तो राहत की घोषणा होती है और लंबी-चौड़ी कार्ययोजना बनती है। फिर कुछ दिन बाद सब लोग भूल जाते हैं। जबकि राज्य में खेती की ज्यादातर जमीन अब भी बारिश के पानी पर ही सिंचाई के लिए निर्भर है।

इस साल पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा जिले को छोड़ कर राज्य के 24 जिलों में 22 के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया। अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में कृषि विभाग की तरफ से जमीनी आकलन के बाद तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर इन्हें सूखाग्रस्त माना गया है। घोषणा हुई है कि राज्य सरकार तत्काल राहत के तौर पर प्रत्येक किसान परिवार को 3,500 रुपए देगी। किसानों को दी जाने वाली राहत पर करीब 1200 करोड़ की राशि खर्च होने का अनुमान है। 30 लाख से अधिक किसानों को इसका लाभ मिलेगा। जिन जिलों में 15 अगस्त तक 33 फीसद से कम क्षेत्र में धान की बुआई या रोपनी हुई, उसे सूखाग्रस्त घोषित किया गया। बारिश की स्थिति को देखते हुए विभिन्न जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग जुलाई में ही कई जिलों से उठने लगी थी। जुलाई के महीने तक 58 प्रतिशत कम बारिश हुई थी और बमुश्किल धान की दस प्रतिशत रोपनी हो सकी थी। सवाल यह है कि क्या इस समस्या का कोई दीर्घकालिक हल नहीं हो सकता?

# भारत का बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा माइक्रो-ब्लॉग

**नई दिल्ली ।** भारत का बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा माइक्रो-ब्लॉग के रूप में उभर कर सामने आया है।




ऐप पर यूजर, उनके द्वारा बिताए जाने वाले समय और यूजर के जुड़ाव में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। कू ऐप एकमात्र भारतीय माइक्रो-ब्लॉग है जो ट्विटर, गेट्टर, ट्रुथ सोशल, मैस्टडॉन, पार्लर जैसे अन्य वैश्विक माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के साथ टक्कर ले रहा है और यूजर डाउनलोड के मामले में ट्विटर के बाद दूसरे स्थान पर है।

कू ऐप के सीईओ और सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा, हम अपने यूजरों से मिली प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं और यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अपने अस्तित्व में आने के बाद केवल 2.5 वर्षों के भीतर आज, हम दुनिया में दूसरे सबसे बड़े माइक्रो-ब्लॉग हैं। लॉन्च के बाद से यूजरों ने हम पर भरोसा किया है। उन्होंने न:न केवल हमें क्षेत्रीय भाषाओं में डिजिटल अभिव्यक्ति को विकसित करने और बढ़ाने का मौका दिया है, बल्कि इस पर सार्थक चर्चा में शामिल होकर हमारे साथ विकसित हुए हैं।

कू के सह-संस्थापक मयंक बिदावतका ने कहा, कू ऐप आज दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा माइक्रो-ब्लॉग है। वैश्विक स्तर पर माइक्रो-ब्लॉगिंग परिदृश्य में हो रहे बदलावों को देखते हुए हम उन भौगोलिक क्षेत्रों तक विस्तार करना चाहते हैं जहां मौलिक अधिकारों के लिए शुल्क लिया जा रहा है। हमारा मानना है कि इंटरनेट पर ऐसे मौलिक उपकरणों की कोई कीमत नहीं होनी चाहिए। एक-दूसरे से सुरक्षित तरीके से जुडऩा और संचार करना या अपनी पहचान साबित करना एक मौलिक अधिकार है। कू ऐप ने हमेशा विशिष्ट शख्सियतों को एक मुफ्त येलो एमिनेंस टिक और हर नागरिक के लिए एक आसान सेल्फ-वेरिफिकेशन टूल प्रदान किया है और ऐसा करना जारी रखेंगे। हम गर्व से इस 'मेड इन इंडिया' उत्पाद के लिए एक बड़े वैश्विक तबके को आमंत्रित करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

'सबसे पहले भाषा' दृष्टिकोण को लेकर बनाए गए सभी को एकजुट करने वाला प्लेटफॉर्म होने के नाते कू ऐप का मिशन समान विचारधारा वाले यूजरों को उनकी पसंद की जुबान में जोडऩा है। एमएलके (मल्टी-लैंग्वेज कूइंग), लैंग्वेज कीबोर्ड, 10 भाषाओं में टॉपिक्स, भाषा अनुवाद, एडिट फंक्शन, कई प्रोफाइल फोटो और मुफ्त सेल्फ-वेरिफिकेशन जैसे फीचर इसको अद्वितीय बनाते हैं और अपने यूजरों को सार्थक चर्चा में जुडऩे की आजादी प्रदान करते हैं।

# तेल कंपनियों को झटका, मोदी सरकार ने कच्चे तेल पर 'विंडफॉल' टैक्स बढ़ाया-डीजल पर लगाया 1.50 रुपए सेस



**नई दिल्ली ।** मोदी सरकार ने विंडफॉल टैक्स में रिवीजन किया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर दर को कम करते हुए घरेलू स्तर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है। इससे तेल कंपनियों को झटका लगा है और उनका मुनाफा भी कम हो जाएगा। यह परिवर्तन आज यानी 17 नवंबर से प्रभावी है।

क्रूड ऑयल प्रोडक्शन पर यह टैक्स 700 रुपये प्रति टन बढ़ाया गया है। अब यह 9500 रुपये से बढक़र 10200 रुपये प्रति टन हो गया है। वहीं, डीजल एक्सपोर्ट ड्यूटी में 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। पहले एक लीटर डीजल निर्यात पर 13.50 रुपये की ड्यूटी लगती थी,। इसे घटाकर अब 10.50 रुपये कर दिया गया है। जबकि, पेट्रोल के निर्यात पर जीरो ड्यूटी बरकरार है। एटीएफ पर भी इसे 5 रुपये प्रति लीटर बरकरार रखा गया है।

विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के रूप में लगाए गए विंडफॉल टैक्स का उद्देश्य घरेलू कच्चे तेल उत्पादकों द्वारा अर्जित अत्यधिक लाभ को अब्जार्ब करना है और इसे हर 15 दिन पर संशोधित किया जाता है।

वहीं, केंद्र सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, पब्लिक सेक्टर की कंपनी ओएनजीस जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर टैक्स 9500 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 10200 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। डीजल पर लगने वाले शुल्क में 1.50 रुपये प्रति लीटर 'रोड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस' शामिल है।

# बाबर को कोहली से निस्वार्थता सीखनी चाहिए : कनेरिया

**कराची ।** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म को विराट कोहली से निस्वार्थता सीखकर बल्लेबाजी क्रम में अपनी जगह बदलनी चाहिये। कनेरिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर जारी वीडियो में कहा, बाबर आज़म ओपनिंग करने को लेकर जिद्दी हैं। जब वह कराची किंग्स में थे तब भी ऐसा ही हुआ। वह इसे लेकर अड़े हुए हैं क्योंकि वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी नहीं कर सकते। उनकी ज़िद से पारी की धीमी शुरुआत पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान पहुंचा रही है।

कनेरिया ने कहा, जब निस्वार्थ होने की बात आती है तो विराट कोहली जैसा कोई नहीं। (भारतीय) टीम उनकी कप्तानी में विश्व कप हारी, और उन्हें इसके लिये निशाना बनाया गया। कई लोगों ने टीम में उनकी जगह पर सवाल उठाया लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने नये कप्तान का पूरा समर्थन किया और जहां कहा गया वहीं बल्लेबाजी की।

# रेलवे करेगा 1 हजार किलोमीटर की दीवार का निर्माण

**नई दिल्ली ।** वंदे भारत ट्रेन के लॉन्च होने के बाद कई जगहों पर उनके मवेशियों से टकराने की घटनाएं सामने आई हैं ऐसी जगहों को रेलवे मंत्रालय ने चिन्हित किया है और अब उन जगहों पर करीब 1000 किलोमीटर तक बाउंड्री का निर्माण कराया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे अगले छह महीनों में अपने नेटवर्क के उन हिस्सों में 1,000 किलोमीटर की चारदीवारी का निर्माण करेगा, जहां ट्रेनों द्वारा मवेशियों को कुचले जाने के अधिकतम मामले दर्ज किए गए हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर के पहले नौ दिनों में मवेशियों की भीड़ ने 200 ट्रेनों को प्रभावित किया। इस साल अब तक करीब चार हजार ट्रेनें प्रभावित हो चुकी हैं।

रेल मंत्री के मुताबिक हम चारदीवारी के निर्माण के मुद्दे पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। हम दो अलग-अलग डिजाइनों पर विचार कर रहे हैं। जबकि हमने एक को मंजूरी दे दी है, जो एक मजबूत दीवार है, अगले पांच से छह महीनों में, हम ऐसी 1,000 किलोमीटर लंबी दीवार बनाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक चारदीवारी मवेशियों के चलने की समस्या को हल करने में सक्षम नहीं होगी, लेकिन इससे आसपास के ग्रामीणों पर असर पड़ेगा।



दरअसल 1 अक्टूबर को शुरू की गई मुंबई-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की नाक, मॉट के पहले नौ दिनों में तीन मवेशियों के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी।

# एशियाई एयरगन चैंपियनशिप के सातवें दिन भारत ने जीते सभी स्वर्ण

**डेगू ।** भारतीय निशानेबाज़ों ने एशियाई एयरगन चैंपियनशिप 2022 में लगातार दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीत लिये।

रिदम सांग्वान ने भारत को दिन का पहला पदक दिलाते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल महिला प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। रिदम ने इस साल का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण जीतने के लिये अपनी हमवतन पलक को 16-8 से शिकस्त दी।

मनू भाकर ने भी जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल में अपनी हमवतन ईशा सिंह को 17-15 से हराकर स्वर्ण जीता।

शिवा नारवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू ने स्वर्ण पदकों के सिलसिले को जारी रखते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष फाइनल जीता। उन्होंने भारत के लिये दिन का तीसरा स्वर्ण जीतते हुए कोरिया के ली डैमयंग, मोक जिन मुन और पार्क डैहुन को 16-14 से मात दी।



सागर डांगी, सम्राट राणा और वरुण तोमर की जूनियर पुरुष टीम ने अपने वरिष्ठों के पदचिह्नों पर चलते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष जूनियर का स्वर्ण हासिल किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में उज़्बेकिस्तान के मुहम्मद कमालोव, नुरिद्दीन नूरिद्दीनोव और इलखोम्बेक ओबिदजोनोव को 16-2 की करारी शिकस्त दी।

नौ नवंबर को शुरू हुई चैंपियनशिप के समापन में दो दिन शेष हैं जबकि भारत इस प्रतियोगिता में 22 स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य सहित कुल 34 पदक जीत चुका है।

# मध्य रेलवे ने जीता रेलवे महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का खिताब



**रायबरेली ।** मध्य रेलवे ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में दक्षिण रेलवे को हरा कर 43वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है।


आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में पाँच दिन से चल रही चैंपियनशिप का समापन हो गया। आरेडिका के महाप्रबंधक बृज मोहन अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। प्रतियोगिता के एक सेमी फाइनल मुकाबला मंगलवार को मध्य रेलवे एवं पूर्व रेलवे बीच हुआ, जिसमें मध्य रेलवे विजेता बनी, वहीं एक दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला आईसीएफ और दक्षिण रेलवे के मध्य हुआ जिसमें दक्षिण रेलवे विजेता बनी।

बुधवार को फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे एवं दक्षिण रेलवे के बीच हुआ जिसमें मध्य रेलवे विजेता बनी। फाइनल मुकाबला बेहद ही रोमांचक था, 5 सेट के इस मुकाबले में मध्य रेलवे 25 – 23, 25 -23, 21-25, 25-18 से विजयी रही।

आरेडिका के खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एसके कटियार,नें बताया कि चैंपियनशिप में आठ जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों की लगभग 150 महिला खिलाडिय़ों प्रतिभाग किया तथा इस चैंपियनशिप में महिला खिलाडिय़ों ने भी अपनी प्रतिभा दिखायी।

# रामगढ़ की शांत वादियों में पहुंचे विराट, अनुष्का

**नैनीताल ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली पत्नी एवं सिने अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ नैनीताल में रामगढ़ की शांत वादियों में पहुंचे।



विराट और अनुष्का का यह निजी दौरा है इसलिये इसकी किसी को भी भनक नहीं लगी। दोनों निजी हेलीकॉप्टर से घोड़ाखाल स्थित सैनिक स्कूल के मैदान में उतरे और पहले से खड़ी गाडिय़ों में बैठकर रवाना हो गये।

उन्होंने यहां पहुंचकर किसी से बात नहीं की और मीडिया से भी दूरी बनाये रखी। बताया जा रहा है कि घोड़ाखाल स्कूल के छात्र भी उनकी अगुवाई के लिये खड़े रहे, लेकिन दोनों किसी से नहीं मिले। सैनिक स्कूल के मैदान में उतरने के लिये उनकी ओर से पहले से अनुमति ली गयी थी। उन्हें उतारने के बाद हेलीकॉप्टर तुरंत वापस रवाना हो गया।

ऐसा बताया गया कि उनका काफिला रामगढ़-मुक्तेश्वर की ओर गया। वह यहां किसी खास मित्र की कोठी में ठहरेंगे। दोनों कुछ दिन यहां आराम फरमायेंगे। बताया जा रहा है कि अति विशिष्ट अतिथि के आगमन की सूचना पर भवाली पुलिस भी सुरक्षा के लिए यहां पहुंची थी, हालांकि किसी अन्य व्यक्ति को कोहली और अनुष्का के आने की भनक नहीं लगी।

# इरफान खान के बेटे बाबिल बने सिंगर, फिल्म काला का ट्रेलर रिलीज

दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान की पहली फिल्म काला का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। रिलीज से पहले ही फिल्म और इसमें बाबिल के काम की तारीफ हो चुकी है। इसमें उनके साथ अभिनेत्री तृप्ति डिमरी हैं। अब काला का ट्रेलर दर्शकों के बीच आ गया है, जो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इसे देख लोग जमकर अपनी प्रतिक्रिया देख रहे हैं।



ट्रेलर देख तो लगता है कि इस फिल्म की कहानी एक गायिका के इर्द-गिर्द बुनी गई है। तृप्ति और बाबिल दोनों ही सिंगर बने हैं। तृप्ति के किरदार का नाम काला है, जो एक मशहूर गायिका होती है, जिसके साथ काम करने के लिए निर्माता लाइन लगाए खड़े हैं।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आपका दिन सामान्य रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। बेवजह तनाव रहने से बचे।

***वृष :*** आपका दिन मिलाजुला रहेगा। जल्दबाजी और कुसंगति से बचें। कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आएगा। कर्ज/उधार लेना पड़ सकता है। असमंजस की स्थिति बनेगी। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें।

***मिथुन :*** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

***कर्क :*** आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। बातचीत में संयम रखें। शत्रुता में कमी रहेगी। स्थायी संपत्ति की खरीदी-बिक्री की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

***सिंह :*** आपका दिन अनुकूल रहेगा। यात्रा लंबी तथा मनोरंजक रह सकती है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

***कन्या :*** आपका दिन बढिय़ा रहेगा। ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा। यश बढ़ेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नए काम मिल सकते हैं। आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

***तुला :*** आपका दिन आपके साथ है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। सृजनशीलता का विकास होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा।

***वृश्चिक :*** आपका दिन मिलाजुला रहेगा। शत्रु पीठ पीछे षड्यंत्र रच सकते हैं। प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। दूर से समाचार मिल सकता है। पुराने रोग को नजरअंदाज न करें। व्यय होगा।

***धनु :*** आपका दिन मिलाजुला रहेगा। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। जीवन साथी से सहयोग प्राप्त होगा।

***मकर :*** आपका दिन सामान्य रहेगा। सुख के साधन जुटेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का साथ मिलेगा। प्रयास सफल रहेंगे। किसी विवाद में विजय मिल सकती है। सामाजिक काम करने का मन बनेगा।

***कुंभ :*** आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों से भेंट होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

***मीन :*** आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आय होगी। व्यापार मे लाभ होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के मामलों में हाथ न डालें।

# बनाएं तंदूरी पनीर पकौड़ा

नाश्ते में कुछ टेस्टी ट्राई करना चाहते हैं, तो आप तंदूरी पनीर पकौड़ा बना सकते हैं। ये टेस्टी के साथ-साथ हेल्दी स्नैक्स है। आइए बताते हैं, इसे बनाने की रेसिपी।



## सामग्री :

250 ग्राम पनीर, 2 बड़े चम्मच दही, 1 कप बेसन, 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 छोटा चम्मच मिर्च पाउडर, 1 छोटा चम्मच जीरा पाउडर, 1 छोटा चम्मच तंदूरी मसाला, 2-3 बड़े चम्मच तेल, स्वादानुसार नमक

## विधि :

- सबसे पहले पनीर को क्यूब्स के आकार में काट लें।
- अब मसाले, दही, नींबू का रस और नमक मिलाकर पेस्ट बना लें। इसमें पनीर को मैरिनेट कर लें।
- मैरिनेट किए हुए पनीर को आधे घंटे तक छोड़ दें।
- बेसन का घोल तैयार कर लें, ध्यान रखें कि ये घोल न ज्यादा गढ़ा हो और न ज्यादा पतला।
- इस घोल में हल्दी, जीरा और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं।
- कढ़ाई में तेल गर्म करें, अब मैरिनेटेड पनीर को बेसन के घोल में डुबोएं और तेल में फ्राई कर लें।
- अब चटनी के साथ गरमा-गरम पनीर के पकौड़े का आनंद लें।


# शब्द सामर्थ्य- 254

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

# सू-दोकू- 254

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |